## आज राज्यपाल के नाम जाएगा ज्ञापन

# बिजली के नाम पर जनता पर डाका: मध्यप्रदेश सरकार और विद्युत मंडल के खिलाफ बीना में फूटा गुस्सा

**राजेश बबेले**
**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा बढ़ाई गई बिजली दरों, स्मार्ट मीटर व्यवस्था और फिक्स चार्ज के खिलाफ बीना में जनता का आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। कांग्रेस जनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम उपभोक्ताओं द्वारा चलाया जा रहा हस्ताक्षर अभियान अब जनआंदोलन का रूप लेता दिखाई दे रहा है।

**मुनाफाखोरी और जनशोषण का माध्यम नहीं बनने दिया जाएगा:** नागरिकों ने हस्ताक्षर कर साफ कहा है कि बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकता को मुनाफाखोरी और जनशोषण का माध्यम नहीं बनने दिया जाएगा।

**शुभारंभ मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभु सिंह ठाकुर द्वारा किया गया:** इस अभियान का शुभारंभ मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभु सिंह ठाकुर द्वारा किया गया था।

**आज सौंपा जाएगा राज्यपाल के नाम ज्ञापन:** अभियान के अंतर्गत संकलित ज्ञापन आज दिनांक 31 मार्च 2026 को सायं 5:00 बजे अंबेडकर प्रतिमा, बीना पर एकत्रित होकर एसडीएम बीना के माध्यम से राज्यपाल को सौंपा जाएगा। ज्ञापन सौंपने की यह कार्यवाही जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण भूपेंद्र सिंह मुहासा, पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर एवं मनोज कपूर, विधानसभा प्रभारी के निर्देशन में संपन्न होगी। इस पूरे अभियान को गति देने, जनता तक मुद्दे को पहुंचाने और संगठनात्मक रूप से मजबूत करने में महेंद्र कुमार नवैया तथा महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष एडवोकेट उमा महेंद्र नवैया और उनकी टीम ने विशेष सहयोग प्रदान किया है।




**इस अभियान में यह सब रहे शामिल:** अभियान में प्रमुख रूप से शशि मोहन तिवारी, सुरेश तिवारी नाही, देवेंद्र कुशवाहा,सुरेश सेन,विक्रांत गोलंदाज, दयाचंद चौधरी,मीना अहिरवार,विनीता अहिरवार, मोतीलाल मसाब,अशोक अहिरवार, मेट, रमेश मुरैना, शिवानी अहिरवार, जन्नू लाल राय, पूरे अहिरवार, आदेश समैया, बलराम अहिरवार, ओमप्रकाश ताम्रकार, छोटा सलीम, हरि नारायण कुशवाहा एवं एडवोकेट देवीलाल अहिरवार उपस्थित रहे।

**जनता की कमाई पर डाका डालकर सरकार विकास का ढोंग कर रही है:** नेताओं और नागरिकों ने तीखी राजनीतिक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार और विद्युत मंडल जनता को राहत देने में विफल साबित हुए हैं, लेकिन बिल बढ़ाने, फिक्स चार्ज थोपने और स्मार्ट मीटर के नाम पर वसूली करने में पूरी ताकत लगा रहे हैं। आरोप लगाया गया कि सरकार महंगाई से कराह रही जनता की जेब पर लगातार हमला कर रही है, जबकि बिजली व्यवस्था सुधारने, ट्रिपिंग रोकने, गलत बिलों पर नियंत्रण करने और उपभोक्ताओं को राहत देने के मुद्दे पर पूरी तरह मौन है। यह भी कहा गया कि जनता की कमाई पर डाका डालकर सरकार विकास का ढोंग कर रही है और विद्युत मंडल उपभोक्ताओं को सेवा नहीं, बल्कि शोषण दे रहा है। आंदोलन से जुड़े लोगों ने स्पष्ट कहा कि किसान, मजदूर, महिलाएं, बुजुर्ग, छोटे दुकानदार और मध्यमवर्गीय परिवार पहले ही आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, ऐसे में बढ़ी हुई बिजली दरें और अतिरिक्त शुल्क पूरी तरह अन्यायपूर्ण हैं। जनता अब चुप बैठने वाली नहीं है और यदि यह जनविरोधी नीति वापस नहीं ली गई, तो विरोध और अधिक उग्र रूप ले सकता है।अंत में सभी नागरिकों, कांग्रेस जनों,सामाजिक कार्यकर्ताओं और उपभोक्ताओं से अपील की गई कि आज ज्ञापन सौंपने के दौरान अधिक से अधिक संख्या में अंबेडकर प्रतिमा, बीना पर उपस्थित रहें।

# न्यायिक लड़ाई के साथ सड़कों पर उतरेंगे शिक्षक, चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान

**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**



मध्य प्रदेश में ञ्श्वञ्ज अनिवार्यता एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता के मुद्दे पर अब शिक्षक आर-पार की लड़ाई के मूड में नजर आ रहे हैं। वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों ने एक ओर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है, वहीं दूसरी ओर सड़कों पर उतरकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने का निर्णय भी ले लिया है। राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता और 2009 में आर टी ई का नियम बनाया गया और नियम बनने के पूर्व से नियुक्त शिक्षकों की टेट परीक्षा के मुद्दे को लेकर संयुक्त मोर्चा के बैनर तले चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति तैयार की गई है। इसके तहत 08 अप्रैल को ब्लॉक स्तर, 11 अप्रैल को जिला स्तर तथा 18 अप्रैल को भोपाल में प्रदेश स्तरीय जंगी प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रदेशभर के शिक्षकों की बड़ी भागीदारी अपेक्षित है। श्री त्रिपाठी ने बताया कि संगठन द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय में देश के वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी के माध्यम से याचिका भी दायर की जा चुकी है, जिससे शिक्षकों को न्याय दिलाने की दिशा में प्रयास जारी हैं। श्री त्रिपाठी ने स्पष्ट किया कि शिक्षकों को किसी प्रकार की हताशा या भय में आने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि संगठन उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर मजबूती से खड़ा है। उन्होंने सभी शिक्षक साथियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में आंदोलन में भाग लेकर अपनी एकजुटता का परिचय दें, ताकि सरकार तक उनकी आवाज प्रभावी रूप से पहुंच सके।

# महिलाओं पर बढ़ते अत्याचारों पर महिला कांग्रेस का हमला

## कांग्रेस ने उठाए सवाल, दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने का आरोप



**पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।**

देश में महिलाओं पर बढ़ते अत्याचारों को लेकर महिला कांग्रेस ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आयोजित पत्रकारवार्ता में महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा ने कहा कि लगातार बढ़ रही घटनाएं चिंता का विषय हैं, लेकिन सरकार दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई मामलों में आरोपी सत्तापक्ष से जुड़े होते हैं, जिसके कारण उन पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाती। इससे पीड़ित महिलाओं को समय पर न्याय नहीं मिल रहा और अपराधियों के हौसले बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अमित शुक्ला ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार के दावे जमीनी स्तर पर कमजोर साबित हो रहे हैं। महिला कांग्रेस ने मांग की कि ऐसे मामलों में त्वरित जांच और कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो संगठन द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

# बेटी अन्नपूर्णा झा ने किया बीना का नाम रोशन शुभचिंतकों एवं समाजसेवी ने की बधाई प्रेषित उज्जवल भविष्य की कामना

## सीनियर के ए आई नेशनल कराते प्रतियोगिता में अन्नपूर्णा झा को स्वर्ण पदक..

**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**

बीना की बेटी अन्नपूर्णा झा ने किया बीना का नाम रोशन शुभचिंतकों एवं समाजसेवी ने की बधाई प्रेषित उज्जवल भविष्य की कामना।सीनियर के ए आई नेशनल कराते प्रतियोगिता में अन्नपूर्णा झा को स्वर्ण पदक। उल्लेखनीय है कि भोपाल में आयोजित सीनियर व अंडर-21 राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की प्रतिभाशाली खिलाड़ी अन्नपूर्णा झा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। यह प्रतियोगिता 23 व 24 मार्च 2026 को एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, कोलार रोड, भोपाल में आयोजित की गई, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से लगभग 450 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अन्नपूर्णा झा ने अंडर-21 वर्ग के -55 किलोग्राम कुमीते स्पर्धा में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया और पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया।

उनके मुकाबलों में तेज़ी, सटीक तकनीक और शानदार रणनीति देखने को मिली, जिसने उन्हें शीर्ष स्थान दिलाया। इसके साथ ही अन्नपूर्णा ने काता स्पर्धा में भी भाग लेकर अपनी



बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया।अन्नपूर्णा झा ने यह सफलता अपने कोच सेंसई संदीप अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्राप्त की, जिनके प्रशिक्षण और प्रेरणा का उनके प्रदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह प्रतियोगिता कराते एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया द्वारा अधिकृत राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता थी, जिसमें खिलाड़ियों के बीच कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला।अन्नपूर्णा झा की इस उपलब्धि पर एमेच्योर कराते एसोसिएशन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष जयदेव शर्मा (प्रथम विश्वामित्र अवॉर्ड), महासचिव परितोष शर्मा, एमेच्योर कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष पदम सिंह रावत, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार कुर्मी, संयुक्त सचिव अमित यादव, सचिव संदीप अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारियों, कोचों खेल प्रेमियों ने एवं समाजसेवियों शुभचिंतकों इष्ट मित्रों ने व्यापारी बंधुओं ने भी उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उनकी इस सफलता से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को नई प्रेरणा मिली है।

# रघुवीर मंदिर में 108 बटुकों का हुआ सामूहिक उपनयन संस्कार धारण किया यज्ञोपवीत(जनेऊ)



**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**

परम पूज्य संत श्री रणछोड़दास जी महाराज की पावन तपोस्थली एवं उनके कर कमलों से चित्रकूट के जानकीकुण्ड में स्थापित गुरुकुल श्री राम संस्कृत महाविद्यालय अंतर्गत श्री रघुवीर मन्दिर (बड़ी गुफा) के 108 बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार वैदिक मंत्रोच्चार के साथ चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी को प्रातः में संपन्न हुआ 7 इस अवसर पर ग्रहशांति यज्ञ, गुरुपूजन, मंत्रदीक्षा, दण्डधारण एवं भिक्षाटन के विधान मंदिर परिसर में आचार्यों के निर्देशन में संपन्न किये गए । यज्ञोपवीत संस्कार के बारे में श्री राम संस्कृत विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि यज्ञोपवीत संस्कार के उपरांत ही गुरुकुल के विद्यार्थियों को वेद-शास्त्रों के अध्ययन का अधिकार प्राप्त होता है एवं प्राचीन वैदिक-सनातन परम्परा में यह ब्रह्मचर्य आश्रम की आवश्यक क्रिया एवं सोलह संस्कारों में से एक है। उपनयन को शास्त्रों में द्विज का दूसरा जन्म भी माना गया है। इस अवसर श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डॉ.इलेश जैन, श्री सदगुरू शिक्षा समिति की अध्यक्षा उषा जैन, ट्रस्टी डॉ इलेश जैन की धर्म पत्नी मौसम जैन एवं भारत के अलग अलग प्रांतों से आए समस्त गुरु भाई बहन,सभी आचार्यगण, विद्यार्थी,अभिभावक एवं सदगुरु परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# लमतरा फाटक के पास बस पलटी, आधा दर्जन यात्री घायल

**पीपुल्सप्रवक्ता कटनी।**

कुठला थाना क्षेत्र के लमतरा फाटक के पास सोमवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जहां एक निजी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में करीब आधा दर्जन यात्री घायल हो गए, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस (क्रमांक स्क्क53 क्र0214) विजयराघवगढ़ से कटनी की ओर आ रही थी। लमतरा के पास अचानक बस बंद हो गई, जिसके बाद उसे दोबारा चालू करने के लिए यात्रियों और स्टाफ की मदद से धक्का लगाया जा रहा था। इसी दौरान बस स्टार्ट तो हो गई, लेकिन कुछ ही दूरी चलने के बाद चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और बस सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और कई लोगों को चोटें आईं। हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण बस की तकनीकी खराबी और असंतुलन बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को उच्च स्तर तक पहुंचाने हेतु आधारशिला का कार्य करती हैं, हेड कोच शिहान जयदेव शर्मा

## बीना में जिला कराते चैम्पियनशिप 2026 का गरिमामय समापन,135, खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, कुल 23 स्वर्ण, 20 रजत एवं 14 कांस्य पदक अर्जित किए

**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**

अमेच्योर कराते डेवलपमेंट एसोसिएशन, सागर के तत्वावधान में जिला कराते चैम्पियनशिप सागर 2026 का आयोजन गवर्नमेंट इंडोर स्टेडियम में अत्यंत गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं उच्च मानकों के अनुरूप सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में सागर जिले के विभिन्न क्षेत्रों, विद्यालयों एवं कराते प्रशिक्षण संस्थानों से आए लगभग 135 खिलाड़ियों ने सहभागिता करते हुए उत्कृष्ट तकनीकी दक्षता, अनुशासन, आत्मसंयम एवं प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में काता, कुमिते एवं टीम काता स्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिनमें प्रतिभागियों ने उच्च स्तर की तैयारी एवं खेल भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के प्रथम विश्वामित्र अवार्ड से सम्मानित एवं भारतीय कराते टीम के हेड कोच शिहान जयदेव शर्मा की



गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को उच्च स्तर तक पहुंचाने हेतु आधारशिला का कार्य करती हैं तथा अनुशासन, निरंतर अभ्यास एवं समर्पण ही उत्कृष्टता की वास्तविक पहचान है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ब्लॉक कोऑर्डिनेटर डॉली अवस्थी बीना ने भी कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए खिलाड़ियों को खेल एवं शिक्षा के संतुलित विकास के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता का संचालन राष्ट्रीय स्तर के अनुभवी रेफरी सेन्सेई ललिता राठौर, सेन्सेई मिहिर मोर्या, सेन्सेई दिलकुश खान, सेन्सेई मोशिना खान, सेन्सेई अनूप मिश्रा एवं सेन्सेई दीपक प्रजापति-द्वारा पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं तकनीकी दक्षता के साथ संपन्न कराया गया। प्रतियोगिता के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने हेतु नियमों एवं विनियमों पर आधारित एक विशेष रेफरी सेमिनार का आयोजन भी शिहान जयदेव शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया, जिससे निर्णायक प्रक्रिया में एकरूपता एवं स्पष्टता सुनिश्चित हुई। आयोजन की सफलता में एसोसिएशन के पदाधिकारियों अमेचर कराते डेवेलपमेंट एसोसिएशन सागर के अध्यक्ष पदम सिंह रावत ,कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार कुर्मी,संयुक्त सचिव अमित यादव एवं मुख्य सचिव संदीप अग्रवाल का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर सागर जिले के मुख्य सचिव संदीप अग्रवाल ने कहा कि यह चैम्पियनशिप न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करती है।

# चलती ट्रेन के टॉयलेट में मिला नवजात, कटनी स्टेशन पर मचा हड़कंप

## उत्कल एक्सप्रेस के कोच में मिला परित्यक्त शिशु, अस्पताल में भर्ती-हालत स्थिर

**पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।**



मानवता को झकझोर देने वाली घटना सोमवार को कटनी के मुड़वारा रेलवे स्टेशन पर सामने आई, जब उत्कल एक्सप्रेस के एक कोच के टॉयलेट में एक नवजात शिशु परित्यक्त अवस्था में मिला। जानकारी के अनुसार, हरिद्वार से पुरी जा रही ट्रेन के एस-4 कोच में एक यात्री जब शौचालय पहुंचा, तो वहां नवजात को देख उसके होश उड़ गए। उसने तत्काल रेलवे के आपातकालीन नंबर पर सूचना दी।

सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल और सरकारी रेलवे पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शिशु को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां स्पेशल केयर न्यूबॉर्न यूनिट में भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। डॉक्टरों के अनुसार फिलहाल बच्चे की हालत स्थिर है। इस घटना के बाद स्टेशन और यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिर किन परिस्थितियों में इस नवजात को इस तरह छोड़ दिया गया। यह घटना समाज के सामने कई सवाल खड़े करती है-जहां एक ओर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इस तरह की घटनाएं संवेदनहीनता की हकीकत उजागर करती हैं। फिलहाल राहत की बात यह है कि समय रहते नवजात को उपचार मिल गया, लेकिन यह घटना समाज के लिए एक गंभीर चेतावनी बनकर सामने आई है।

# सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरई में स्थानीय परीक्षाओं एवं 5वीं,8वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

## परीक्षा परिणाम कभी भी अंतिम नहीं होता,प्राचार्य नारायणराव धर्मपुरीकर

**पीपुल्स प्रवक्ता बीना/खुरई।**

सोमवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरई में स्थानीय परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती जी के पूजन अर्चन से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश मिश्रा,प्रदीप तोमर,भोलाराम अहिरवार, सुरेंद्र सिंह राजपूत द्वारा कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहिनों को पुरस्कृत किया गया।

**आचार्य बंधु छात्रों को भैया बहन बुलाते हैं:** मुकेश मिश्रा ने सभी भैया बहनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां के आचार्य बंधु छात्रों को भैया बहन बुलाते हैं, जो भारतीय संस्कृति का परिचायक है। शिशु मंदिर संस्कारों के लिए जाना जाता है। यह संस्था बच्चों को संस्कार से जोड़े हुए हैं। जब बच्चे यहां से निकल कर जाएंगे तब आपको महसूस होगा। यह विद्यालय संस्कृति से जुड़ा हुआ है। यहां के छात्र अन्य विद्यार्थी से भिन्न होते हैं।

**विद्यालय में शिक्षा के साथ संस्कार दिए जाते हैं:** प्रदीप तोमर ने सभी भैया बहनों को शुभकामना देते हुए कहा कि इस विद्यालय में शिक्षा के साथ संस्कार दिए जाते हैं, वे आपको आगे बढ़ाने में सहायक है। यहां पर शिक्षा के साथ संस्कृति, खेलकूद को भी आगे बढ़ाया जाता है।



**मार्कशीट में अंकों की तुलना नहीं करना:** भोलाराम अहिरवार ने बताया कि हमें मार्कशीट में अंकों की तुलना नहीं करना है। शिक्षा से सभी का सर्वांगीण विकास होता है। अच्छी पढ़ाई करेंगे तो अच्छे-अच्छे बड़े बड़े पदों पर आसीन होंगे। मोबाइल का प्रयोग काम करना है। अनावश्यक रीलों को नहीं देखना।1 अप्रैल से नया सत्र प्रारंभ हो रहा है सभी को प्रतिदिन स्कूल आना है।सुरेंद्र सिंह राजपूत ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कहीं ना कहीं जो मैं आज हूं मुझे शिशु मंदिर ने हीं बनाया है। मैंने अपनी पढ़ाई शिशु मंदिर से ही की है। यदि आप अपने माता-पिता की सेवा करते हैं, तो वह सबसे बड़ी पूजा है। निराश नहीं होना है। हमेशा मेहनत करना है। प्रतिदिन स्कूल आना है व अपने माता-पिता के सपनों को पूरा करना है।

**परीक्षा परिणाम कभी भी अंतिम नहीं होता:** अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्राचार्य नारायणराव धर्मपुरीकर ने बताया परीक्षा परिणाम कभी भी अंतिम नहीं होता। आपका परिश्रम को वंदन करते हैं। मंच संचालन गोविंद सिंह राजपूत ने किया।

### स्थान पाने वाले भैया-बहिनों के नाम इस प्रकार हैं

**कक्षा नर्सरी:** प्रथम - हर्षिता सोनीद्वितीय - रियांशी घोषी तृतीय - दीपाली अहिरवार, कक्षा - उदय केजी1, प्रथम - दक्ष साहू द्वितीय - दिव्या अहिरवार तृतीय - पूर्वी यादव, कक्षा ट्टप्रभात, प्रथम-नमन दुबे द्वितीय - शिवाय यादव तृतीय - वैष्णवी यादव, कक्षा - उदय केजी2, प्रथम - जया अहिरवार द्वितीय - ओम चढ़ार तृतीय -भावना सहरिया, कक्षा - प्रथम, प्रथम - देविका तिवारी द्वितीय,सिद्धांत अहिरवार तृतीय - राम यादव,कक्षा - द्वितीय, प्रथम -प्रियंका अहिरवार,द्वितीय श्रेया दीक्षित,तृतीय - नमन अहिरवार,कक्षा - तृतीय, प्रथम -आदर्श कुशवाहा द्वितीय,खुशी कुशवाहा,तृतीय -महिमा अहिरवार, कक्षा - चतुर्थ, प्रथम -भूमिका पटेरिया,द्वितीय उमेश कुर्मी तृतीय - आर्यन यादव,कक्षा - षष्ठी,प्रथम - राधा धानक,द्वितीय -हेमंत कुमारी अहिरवार,तृतीय सौम्या पाठक, कक्षा - सप्तम,प्रथम -आकाश दुबे,द्वितीय उन्नति कुर्मी,तृतीय - अंश राजपूत, कक्षा - नवम,प्रथम - चंचल अहिरवार,द्वितीय महक नेमा,तृतीय - उत्कर्ष यादव,कक्षा - एकादश क,प्रथम -वर्धिका कुर्मी,द्वितीय - प्रियांशी कुर्मी तृतीय - प्रिया चौबे, कक्षा - एकादश ख, प्रथम- रूपेश अहिरवार, द्वितीय वैष्णवी कुर्मी,तृतीय-राधिका दांगी, बोर्ड परीक्षा कक्षा पंचम,प्रथम - शुभ्रा नेमा,द्वितीय - शिवांगी यादव,तृतीय - सुजीत यादव,बोर्ड परीक्षा कक्षा अष्टम, प्रथम - वैष्णवी सिंह दांगी,द्वितीय - माहेश्वरी धानक,तृतीय - मयंक अहिरवार। सभी भैया बहनों को विद्यालय समिति अध्यक्ष डॉ विश्वास सप्रे ,सचिव श्याम लाल साहू, कोषाध्यक्ष कैलाश मोदी, विभाग समन्वयक राजकुमार जी ठाकुर, विद्यालय के प्राचार्य नारायणराव धर्मपुरीकर परीक्षा प्रमुख गोविंद मुरारी पाठक मीडिया प्रभारी भूपेंद्र सिंह ठाकुर व समस्त आचार्य परिवार ने बधाई व शुभकामनाएं दी, व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।